# Extracurricular Achievements

# 2025-26

**Extension lecture on CS**

Extension lecture on CS course at Government College, Gurugram: Experts shared knowledge with students, discussed employment opportunities.



**HIV/AIDS Awareness Program Organized at Jatauli College**

HIV/AIDS Awareness Program Organized at Jatauli College Haily Mandi (Gurugram), Date: 11/09/2025. On the occasion of International Youth Day, various activities were organized under the HIV/AIDS awareness campaign at Government Post Graduate College, Jatauli. The program was held under the guidance of Principal Dr. Neelam Dahiya and Acting Principal Dr. Jyotsna Gulati. Students enthusiastically participated in poster making, slogan writing, and essay writing competitions. On this occasion, Dr. Jai Singh highlighted the causes, prevention, and importance of social awareness regarding serious diseases like HIV/AIDS. Dr. Ashutosh played an important role as the convener and actively guided the students in slogan writing, poster making, and the Red Ribbon campaign. As part of the event, students also organized an awareness rally wearing red ribbons and shared messages related to the prevention and control of HIV/AIDS. Acting Principal Dr. Jyotsna Gulati said that such programs not only develop social consciousness among students but also serve as a strong medium to spread positive messages in society.



**Won 2nd prize in Yuva Nomo Race**

We are proud to announce that our students won 2nd Prize in the Yuva Nomo Race held on 21st September 2025 in Gurugram.




Students won 2nd Prize in Yuva Nomo Race

**Talent Search**

## सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्रा अपना प्रदर्शन करें- प्रिंसिपल डॉ नीलम

- पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा खुशबू बीए तृतीय वर्ष को प्रथम स्थान
- गवर्नमेंट कॉलेज जटौली हेली मंडी में टैलेंट सर्च कार्यक्रम का आयोजन
- गतिविधियाँ छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती
- विद्यार्थियों से कॉलेज के हर कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान



दक्ष दर्पण . फतह सिंह उजाला

जाटोली । पटौदी जाटोली मंडी परिषद सीमा क्षेत्र में मौजूद गवर्नमेंट कॉलेज जाटौली- हैलीमंडी में बुधवार को कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. नीलम दहिया के सानिध्य में तथा कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. ज्योत्स्ना गुलाटी के निर्देशन में "टैलेंट सर्च कार्यक्रम" का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। मेजबान प्रिंसिपल डॉ नीलम दहिया ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए मंच प्रदान करना रहा। उन्होंने कहा स्टूडेंट को सांस्कृतिक प्रतियोगिता अथवा आयोजन में अपने स्वाभाविक कला का ही प्रदर्शन करना चाहिए। हमारी अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक विभिन्न प्रकार की एकल नृत्य सामूहिक नृत्य गायन व अन्य प्रकार के प्रस्तुतीकरण आज भी लोकप्रिय होने के साथ-साथ प्रेरणादायक भी बने हुए हैं। इस अवसर पर डॉ. ज्योत्स्ना गुलाटी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज में आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कॉलेज के हर कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता में छात्रा खुशबू बीए. तृतीय वर्ष) – प्रथम स्थान, छात्रा पूजा कुमारी बीए. तृतीय वर्ष) – द्वितीय स्थान तथा छात्रा

मोनिका एमए द्वितीय वर्ष) – तृतीय स्थान रही है।

स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं में छात्रा

खुशी .बीए. द्वितीय वर्ष) – प्रथम स्थान, छात्रा निकिता बीए. प्रथम वर्ष) – द्वितीय स्थान और -छात्रा मुस्कान बीए. ऑनर्स तृतीय वर्ष) – तृतीय स्थान पर रही है इसी प्रकार से डांस प्रतियोगिता के विजेताओं में छात्र देव बीए. तृतीय वर्ष – प्रथम स्थान, छात्र एकलव्य .बीए. द्वितीय वर्ष) – द्वितीय स्थान तथा -छात्रा रेनू बीएससी. प्रथम वर्ष) एवं निशा बीए. प्रथम वर्ष) – संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में शामिल हैं। इस अवसर पर कॉलेज के सभी सहायक प्रोफेसरगण उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. सरिता, डॉ. सुरेंद्र, श्री विजयपाल, डॉ. निशा, डॉ. शोभा, डॉ. रेखा, डॉ. अशुतोष एवं कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर प्रीति जी सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया तथा सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. ज्योत्स्ना गुलाटी ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**Poster Making Competition on the Topic of Sexual Harassment at Workplace**

## कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न पोस्टर मेकिंग संबंधित प्रतियोगिता आयोजित

### गवर्नमेंट कॉलेज जटौली हेली मंडी में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

अहीरवाल टाइम्स/फतह सिंह उजाला



जटोली। पटौदी जाटोली मंडी परिषद सीमा क्षेत्र में मौजूद गवर्नमेंट कॉलेज जटौली हेली मंडी में "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न " विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।गवर्नमेंट कॉलेज जटौली , हैलीमंडी में कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीलम दहिया के सानिध्य में तथा कार्यवाहक प्राचार्या एवं आई.सी.सी. इंचार्ज डॉ. ज्योत्स्ना गुलाटी के निर्देशन में आई.सी.सी. द्वारा "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न पास्को विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान डॉ. ज्योत्स्ना गुलाटी ने विद्यार्थियों को महिलाओं के अधिकारों, कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा, कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न एक्ट की विस्तृत जानकारी प्रदान की।प्रतियोगिता में कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः खुशबू ( बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थानः पूजा कुमारी बीए तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान मोनिका एम ए द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. सरिता, डॉ. सुरेंद्र, श्री विजयपाल, डॉ. निशा, डॉ. आशुतोष आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में महिलाओं की गरिमा, समानता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का संचालन आई.सी.सी. टीम द्वारा किया गया।

**Haryana Day Celebrations**

# 2024-25

**Talent Search**

## गवर्नमेंट कालेज जाटौली में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम

### पोस्टर मेकिंग में एम. ए. इतिहास प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका प्रथम

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



■ भजन गायन में राखी प्रथम, एकलव्य द्वितीय व दिव्या तृतीय स्थान पर रही

**फरुखनगर।** पटौदी जाटोली मंडी नगर परिषद के राजकीय महाविद्यालय जाटौली हैलीमंडी में दो द्वीसीय प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, हरियाणवी डांस,भजन, कविता, श्लोक उच्चारण तथा बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस दो दिवसीय प्रतिभा खोज आयोजन में मेजबान गवर्नमेंट कॉलेज जटौली के विद्यार्थियों ने बढचढ़कर हिस्सा लिया। इन गतिविधियों के परिणाम इस प्रकार रहे ।पोस्टर मेकिंग में एम. ए. इतिहास प्रथम वर्ष की मोनिका प्रथम स्थान पर रही है । बी. ए. द्वितीय वर्ष के विवेक द्वितीय तथा एम. ए. भूगोल प्रथम वर्ष की आरती तृतीय स्थान पर रही है। प्रतिभा खोज आयोजन के दौरान हरियाणवी डांस प्रतियोगिता में छात्र छात्रा एकलव्य तथा छात्रा हिमांशी प्रथम, लक्की द्वितीय तथा दीक्षा तृतीय स्थान पर रहे हैं । भजन गायन में राखी प्रथम, एकलव्य द्वितीय तथा दिव्या तृतीय स्थान पर रही, शालोच्चारण में नीशू प्रथम, दीपांशु द्वितीय तथा तान्या तृतीय स्थान पर रही, मेहंदी में प्रीती प्रथम, पायल द्वितीय तथा लक्की तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप जला पुष्प अर्पित करने के साथ किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की इंचार्ज तथा कार्यवाहक प्राचार्या डा. ज्योत्स्ना गुलाटी ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा छात्र वर्ग को अपने अध्ययन काल में अपनी अपनी रुचि के मुताबिक प्रतियोगिताओं में अवश्य शामिल होना चाहिए। प्रतियोगिता के मंच पर प्रस्तुतीकरण से आत्मविश्वास मजबूत होता है। जीवन में आगे बढ़ाने के लिए तथा कामयाबी के लिए आत्मविश्वास का मजबूत होना बहुत जरूरी है। जिस भी छात्र की जिस भी विषय में रुचि अथवा इंटरेस्ट हो, उसी के मुताबिक जब भी मौका मिले प्रतियोगिता के मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय अवश्य करवाना चाहिए। इस प्रतिभा खोज कार्यक्रम के समापन के मौके पर उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि विजेता रहे विद्यार्थी नवम्बर माह में गुरुग्राम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**42nd Annual Athletic Meet**

## राजकीय महाविद्यालय जटौली हेली मंडी ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

उजाला आज तक/अनिल कुमार



पटौदी ।राजकीय महाविद्यालय जटौली हैली मंडी ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया ।जटौली हैली मंडी, 07/03/2025: राजकीय महाविद्यालय जटौली हैली मंडी ने 07/01/2025 को अपनी एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें छात्रों में शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क और खेलकूद की भावना को बढ़ावा दिया गया ।इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंसिपल श्री घनश्याम ने किया, जिन्होंने छात्रों के समग्र विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। यह दिन उत्साह से भरा रहा क्योंकि छात्रों ने दौड़, लंबी कूद, शॉट पुट, रिले आदि जैसे खेल आयोजनों सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉक्टर ज्योत्सना गुलाटी ने शिक्षा में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए और छात्रों को पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सभा को संबोधित किया। विजेताओं को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का जश्न मनाते हुए पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।लड़कियों में हिमशी और लड़कों में एकलव्य सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने ।शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉक्टर सतीश यादव ने इस खेल प्रतियोगिता का कुशलता पूर्वक संचालन किया।

खेल प्रभारी श्री पवन कुमार द्वारा छात्रों, शिक्षकों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। खेल प्रतियोगिता बहुत सफल रही, जिससे छात्रों में एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**Annual Cultural Fest Anjuman**



# दो दिवसीए अंजुम वार्षिकोत्स्व का आयोजन किया गया

**फरुखनगर मुकेश सैनी**

राजकीय महाविद्यालय जाटौली, गुरुग्राम मे प्राचार्य डॉ घनश्याम दास व कार्यकारी प्राचार्या डॉ ज्योत्स्ना गुलाटी के नेतृत्व मे दो दिवसीए अंजुम वार्षिकोत्स्व का आयोजन बडी धूमधाम से किया गया. सांस्कृतिक कमिटी की इंचार्ज डॉ ज्योत्स्ना गुलाटी के दिशानुर्देश मे डॉ आशुतोष डॉ सरिता डॉ हेमलता डॉ तीतीक्षा डॉ अनूप द्वारा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम मे अह्म् भूमिका निभाई. अन्य प्राध्यापक गणों ने निर्णायिक की भूमिका निभाई 13 फरवरी को आयोजित रंगोली मे मुस्कान ने प्रथम यतिका ने दित्य नेहा पलक ने त्रित्य स्थान प्राप्त किया. मेहंदी मे लकी कंचन ने प्रथम,दीत्य सोनिया ने त्रित्य स्थान, कविता पाठ मे मधु प्रथम शीतल द्वित्य लकी ने तृत्य स्थान प्राप्त किया. पोस्टर मेकिंग मे विवेक प्रथम यतिका दीत्य नितिशा तृत्य स्थान, स्लोगन मे रेखा प्रथम टीना दित्य बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट मे टीना ने प्रथम काजल द्वितीय मुस्कान ने तृत्य स्थान प्राप्त किया. आज दिनांक 14 फरवरी को बॉलीवुड डांस मे देव प्रथम निशा द्वितिय दिव्या ने तृत्य स्थान प्राप्त किया. लोक नत्या मे दीपिका प्रथम एकलव्य द्वित्य रोहिणी ने तैत्य स्थान प्राप्त किया. स्किट मे मुश्कान व ग्रुप ने प्रथम अंजली व ग्रुप ने द्वित्य. गीत गायन मे मधु निशु ने प्रथम, एकलव्य ने द्वितीय टीना ने तृत्य स्थान प्राप्त किया. महाविद्यालय के इस अंजुमन वार्षिक उत्सव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम मे विद्यार्थीयों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. इस अवसर पर डॉ आरजूने गीत गाकर बच्चो को प्रोत्साहित किया. अनुशासन कमेटी निर्णायक मंडली की अहम् भूमिका रही.

**Lecture on Linguistics**

An extension lecturer was organised by English department on 21.03.25 . The lecture was presented by Dr. Vinay a distinguished retired principal who provided valuable insights into linguistics.




**English Department paper reading activity**

English Department has organised a paper reading activity on 4th April 2025. The topic of the event was Contribution of William Shakespeare in the development of drama in English literature.




**NCC**

The NCC Unit of the college successfully hosted the Commanding Officer of 8 Haryana Battalion NCC Rewari. The Officer praised the hardwork of all cadets.

